अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

24 OCT. 2023

USEFUL FOR

# IAS | PCS

& other civil services exams



**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

1. **भारत-मलेशिया संयुक्त सैन्य अभ्यास हरिमाउ शक्ति उमरोई में शुरू हुआ**




- भारतीय और मलेशियाई सेना के बीच संयुक्त द्विपक्षीय प्रशिक्षण अभ्यास हरिमाउ शक्ति 2023, भारत के उमरोई छावनी में शुरू हुआ।
- मलेशियाई सेना की टुकड़ी में 5वीं रॉयल बटालियन के सैनिक शामिल हैं।
- भारतीय दल का प्रतिनिधित्व राजपूत रेजिमेंट द्वारा किया जा रहा है।
- मल्टी डोमेन और सब - कन्वेंशनल ऑपरेशंस में सैन्य क्षमता बढ़ाने के लिए दोनों पक्षों के 120 जवान भाग लेंगे।

2. **इंडियन पैनोरमा 2023 ने 54वें IFFI 2023 के लिए आधिकारिक चयन की घोषणा की**





- भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का घटक, भारतीय पैनोरमा, 25 फीचर और 20 गैर-फीचर फिल्मों के चयन की घोषणा करता है।
- इसका आयोजन राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम, सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा 20 से 28 नवंबर 2023 तक गोवा में किया जाएगा।
- 'अट्टम' (मलयालम) और 'एंड्रो ड्रीम्स' (मणिपुरी) शुरुआती फीचर और गैर फीचर फिल्में होंगी।

3. **भारत के जुड़वां तूफान: अरब सागर में चक्रवात तेज, बंगाल की खाड़ी में हमून**




- बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान हामून: ओडिशा - पश्चिम बंगाल में असर, कोस्टल एरिया से लोगों को हटाने का आदेश
- हामून तूफान बंगाल की खाड़ी से उत्तर- उत्तर पूर्व की ओर बढ़ रहा है। यह बांग्लादेश की ओर जाएगा।
- अरब सागर में आए साइक्लोन तेज के बाद बंगाल की खाड़ी में नया चक्रवात बन रहा है।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने एक बुलेटिन में कहा बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक गहरा दबाव का क्षेत्र बन रहा है। सोमवार शाम तक यह चक्रवात में बदल जाएगा।
- यह ओडिशा के पारादीप से लगभग 400 किमी और पश्चिम बंगाल में दीघा से 550 किमी दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में केंद्रित है।
- चक्रवात के संभावित खतरे को देखते हुए कोस्टल एरिया से लोगों को हटाने का आदेश दिया है।
- इस चक्रवाती तूफान को हामून नाम दिया गया है।
- ये नाम ईरान ने रखा है।

4. **ISRO का प्लान- 2025 तक महिलाएं स्पेस में जाएंगी**



- सोमनाथ बोले- अगला मिशन 3 दिन का होगा, इसके पहले फीमेल रोबोट भेजी जाएंगी

- यह गगनयान के फ्लाइट टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन-1 की तैयारी की तस्वीर है।
- इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (ISRO) 2025 तक महिलाओं को स्पेस में भेजने की प्लानिंग कर रहा है। एजेंसी चीफ एस सोमनाथ ने रविवार को यह जानकारी दी।
- उन्होंने कहा- हम देश के अंतरिक्ष मानव मिशन में महिला फाइटर जेट पायलट या साइंटिस्ट को भेजना चाहते हैं।

5. **भारत और श्रीलंका के बीच 'चेरियापानी' नामक नौका सेवा शुरू की गयी**



- हाल ही में भारत और श्रीलंका के बीच 'चेरियापानी' नामक नौका सेवा शुरू की गयी है।
- भारत और श्रीलंका के बीच ऐतिहासिक समुद्री मार्ग को द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह नौका सेवा शुरू की गयी है।
- लगभग 110 किलोमीटर की दूरी पर नागपट्टिनम (भारत) और कांकेसंथुराई (श्रीलंका) को जोड़ने वाली यात्री नौका सेवा के शुभारंभ के साथ त किया गया है।
- वारयापानी' नामक यह सेवा 1900 के दशक की शुरुआत से चले आ रहे समुद्री संबंधों को फिर से जागृत करती है।

6. **MILAN 24 नामक बहुराष्ट्रीय नौसेना अभ्यास का आयोजन आंध्र प्रदेश किया जाएगा**




- 19 से 27 फरवरी 24 तक विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना द्वारा MILAN 24 (बहुपक्षीय नौसेना अभ्यास- 2024) का आयोजन < किया जाएगा।
- इस अभ्यास में मित्रवत विदेशी नौसेनाए भाग लेती हैं।
- फ्लैगशिप कार्यक्रम, MILAN एक द्विवार्षिक बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है।
- इसे 1995 में भारतीय नौसेना द्वारा शुरू किया गया था।

7. **ऑनलाइन धोखाधडी से बचाने के लिए 'डिजीकवच' नामक प्रोग्राम शुरू किया**




- हाल ही में भर के लोगों को ऑनलाइन धोखाधडी से बचाने के लिए 'डिजीकवच (DigiKavach)' नामक प्रोग्राम शुरू किया गया है।
- 'डिजीकवच (DigiKavach)' गूगल के द्वारा लॉन्च किया गया है।
- टेक दिग्गज Google ने भारत में ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की बढ़ती चिंता को दूर करने के लिए एक सक्रिय कदम उठाया है।
- Google ने प्राथमिकता ध्वजवाहक के रूप में फिनटेक एसोसिएशन फॉर कंज्यूमर एम्पावरमेंट (FACE) के साथ साझेदारी की है।

8. **उन्नति हुड्डा ने अबू धाबी मास्टर्स बैडमिंटन 2023 महिला एकल खिताब जीता**



- भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा ने अबू धाबी मास्टर्स 2023 महिला एकल बैडमिंटन टाइटल अपने नाम कर लिया है.
- उन्होंने फाइनल में सामिया इमाद फारूकी को मात दी.
- 16 साल की उन्नति हुड्डा का यह दूसरा BWF सुपर 100 वर्ल्ड टूर खिताब है.

- इससे पहले उन्होंने 14 साल की उम्र में BWF खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बनीं थी.

- साथ ही उन्होंने राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र 2.0 पोर्टल भी लॉन्च किया.

**9. केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा 'अनुभव पुरस्कार' 2023 प्रदान किया**



- पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (DoPPW) ने वर्ष 2023 के लिए 'अनुभव पुरस्कार' (ANUBHAV AWARDS) की घोषणा कर दी है.
- 'अनुभव पुरस्कार' केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा प्रदान किया गया.
- DoPPW ने वर्ष 2015 में अनुभव पोर्टल को लॉन्च किया था.
- डॉ. जितेंद्र सिंह ने पंजाब नेशनल बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ एकीकृत पेंशनर्स पोर्टल लॉन्च किया.

**10. असम की महिला बैडमिंटन टीम ने 37वें राष्ट्रीय खेलों का पहला स्वर्ण पदक जीता**




- असम की महिला बैडमिंटन टीम ने 37वें राष्ट्रीय खेलों का पहला स्वर्ण पदक जीता, वहीं कर्नाटक ने पुरुषों के फाइनल में जीत हासिल की.
- 37वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन गोवा में किया जा रहा है.
- इस बार के राष्ट्रीय खेलों में 43 खेलों को शामिल किया गया है.
- राष्ट्रीय खेलों का पिछला आयोजन गुजरात में किया गया था.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **भारत और किस देश के बीच सैन्य अभ्यास हरिमऊ शुरू हुआ है?**
   (a) अमेरिका
   (b) मलेशिया
   (c) जापान
   (d) नेपाल
2. **54 वे IFFI 2023 कहाँ पर आयोजित किया जाएगा।**
   (a) बनारस
   (b) दिल्ली
   (c) गोवा
   (d) केरल
3. **बंगाल की खड़ी में उठ रहे तूफान हमून का नाम किस देश द्वारा रखा गया है?**
   (a) इरान
   (b) क़तर
   (c) सऊदी अरब
   (d) इनमे से कोई नही
4. **इसरो के अनुसार किस वर्ष तक फीमेल रोबोट अंतरिक्ष में भेजी जाएंगी।**
   (a) 2025
   (b) 2027
   (c) 2024
   (d) 2028
5. **हाल ही में भारत और किसके बीच 'चेरियापानी' नामक नौका सेवा शुरू की गयी है?**
   (a) अफगानिस्तान
   (b) श्रीलंका
   (c) बांग्लादेश
   (d) म्यांमार
6. **MILAN 24 नामक बहुराष्ट्रीय नौसेना अभ्यास का आयोजन कहाँ किया जाएगा?**
   (a) आंध्र प्रदेश
   (b) गुजरात
   (c) तमिलनाडु
   (d) पश्चिम बंगाल
7. **ऑनलाइन धोखाधडी से बचने के लिए किसके द्वारा भारत 'डिजिकवच' नामक प्रोग्राम शुरू किया गया है?**
   (a) गूगल
   (b) माइक्रोसॉफ्ट
   (c) मेटा
   (d) एक्स
8. **अबू धाबी मास्टर्स बैडमिंटन 2023 महिला एकल खिताब किस भारतीय खिलाड़ी ने जीता?**
   (a) अंकिता रैना
   (b) उन्नति हुड्डा
   (c) अदिति सिन्हा
   (d) पी वी सिंधु
9. **'अनुभव पुरस्कार' 2023 किस केन्द्रीय मंत्री द्वारा प्रदान किया गया है?**
   (a) अमित शाह
   (b) राजनाथ सिंह
   (c) जितेंद्र सिंह
   (d) अनुराग ठाकुर
10. **37वें राष्ट्रीय खेलों का पहला स्वर्ण पदक किस राज्य की महिला बैडमिंटन टीम ने जीता?**
    (a) कर्नाटक
    (b) असम
    (c) तमिलनाडू
    (d) केरल

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (b) | (c) | (a) | (a) | (b) | (a) | (a) | (b) | (c) | (b) |